भारतीय पुलिस अधिकारियों की रैंकों के नाम एवं उनके बैज की सूची

भारतीय पुलिस सेवा:

भारतीय पुलिस सेवा, जिसे आम बोलचाल में भारतीय पुलिस या आईपीएस, के नाम से भी जाना जाता है, भारत सरकार के अखिल भारतीय सेवा के एक अंग के रूप में कार्य करता है, जिसके अन्य दो अंग भारतीय प्रशासनिक सेवा या आईएएस और भारतीय वन सेवा या आईएफएस हैं जो ब्रिटिश प्रशासन के अंतर्गत इंपीरियल पुलिस के नाम से जाना जाता था।

कांस्टेबल से पुलिस महानिदेशक (DGP) तक, बैज देखके भारतीय पुलिस अधिकारियों की रैंक की पहचान:

भारतीय पुलिस विभाग में एक कंपनी की तरह अलग-अलग रैंक के अधिकारी काम करते हैं। लेकिन ज्यादातर लोग इन सभी के बारे में नहीं जानते हैं। पुलिस व्यवस्था में भी पद के अनुसार सभी पुलिसकर्मियों की एक अलग पहचान होती है एवं सभी पुलिसकर्मियों की वर्दियों पर अलग-अलग "बैज" लगे रहते हैं। आप इस बैज को देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि कौन-सा अधिकारी किस पद पर आसीन है। आम जनता के साथ-साथ ये जानकारी ऐसे कैंडिडेट्स के लिए भी लाभकारी हैं जो इंडियन पुलिस को ज्वाइन करना चाहते हैं या उससे जुड़ने जा रहे हैं। उनके लिए इन रैंक और बैज के बीच का फर्क पता होना चाहिए। हम यहां पर भारतीय पुलिस की सभी रैंक के बारे में बता रहे हैं।

भारतीय पुलिस सेवा के राजपत्रित अधिकारी एवं उनके बैज:

खुफिया ब्यूरो (IB) के निदेशक (भारत सरकार) (DIB): खुफिया ब्यूरो (IB) के निदेशक की वर्दी पर अशोक स्तम्भ, एक स्टार और एक तलवार का निशान होता है।

पुलिस आयुक्त (राज्य) या पुलिस महानिदेशक (CP या DGP): पुलिस आयुक्त (राज्य) या पुलिस महानिदेशक की वर्दी पर अशोक स्तम्भ और एक तलवार का निशान होता है। कई स्थानों पर DGP को "कमिश्नर ऑफ पुलिस" (CP) भी कहते हैं। यह पद ब्रिटेन के "चीफ कांस्टेबल" के पद के बराबर होता है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त या पुलिस महानिरीक्षक (JCP या IGP): संयुक्त पुलिस आयुक्त या पुलिस महानिरीक्षक के वर्दी पर एक स्टार और एक तलवार का निशान होता है। कई स्थानों पर IGP को "जवाइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस" (JCP) भी कहते हैं। यह पद ब्रिटेन के "डिप्टी चीफ कांस्टेबल" के पद के बराबर होता है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त या पुलिस उप महानिरीक्षक (ADL.CP या DIG): अतिरिक्त पुलिस आयुक्त या पुलिस उप महानिरीक्षक के वर्दी पर अशोक स्तम्भ और तीन स्टार का निशान होता है। कई स्थानों पर DIG को "एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस" (Add.CP) भी कहते हैं। यह पद ब्रिटेन के "असिस्टेंट चीफ कांस्टेबल" के पद के बराबर होता है।

पुलिस उपायुक्त या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (DCP या SSP): पुलिस उपायुक्त या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के वर्दी पर अशोक स्तम्भ और दो स्टार का निशान होता है। कई स्थानों पर SSP को "डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस" (DCP) भी कहते हैं। यह पद ब्रिटेन के "चीफ सुप्रिटेन्डेन्ट" के पद के बराबर होता है।

पुलिस उपायुक्त या पुलिस अधीक्षक (DCP या SP): पुलिस उपायुक्त या पुलिस अधीक्षक के वर्दी पर अशोक स्तम्भ और एक स्टार का निशान होता है। कई स्थानों पर SP को "डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस" (DCP) भी कहते हैं। यह पद ब्रिटेन के "चीफ सुप्रिटेन्डेन्ट" के पद के बराबर होता है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त या अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ADL.DCP या ASP): अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त या अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के वर्दी पर अशोक स्तम्भ का निशान होता है। कई स्थानों पर ASP को "एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस" (ADL.DCP) भी कहते हैं।

सहायक पुलिस आयुक्त या पुलिस उपाधीक्षक (ACP या DSP): सहायक पुलिस आयुक्त या पुलिस उपाधीक्षक के वर्दी पर तीन स्टार का निशान होता है। कई स्थानों पर DSP को "असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस" (ACP) भी कहते हैं। यह पद ब्रिटेन के "चीफ इन्स्पेक्टर" के पद के बराबर होता है।

सहायक पुलिस अधीक्षक (सेवा के 2 साल बाद) (ASST.SP): सहायक पुलिस अधीक्षक (सेवा के 2 साल बाद) के वर्दी पर दो स्टार का निशान होता है।

सहायक पुलिस अधीक्षक (सेवा के 1 साल बाद) (ASST.SP): सहायक पुलिस अधीक्षक (सेवा के 1 साल बाद) के वर्दी पर एक स्टार का निशान होता है।

भारतीय पुलिस सेवा के गैर-राजपत्रित अधिकारी एवं उनके बैज:

पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) (INS): पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) के वर्दी पर तीन स्टार का निशान होता है। इसके अलावा लाल और नील रंग की लाईन बनी होती है।

सहायक पुलिस निरीक्षक (API): सहायक पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) या असिस्टेंट पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) (API) के वर्दी पर तीन स्टार का निशान होता है। इसके अलावा लाल रंग की लाईन बनी होती है।

पुलिस उप निरीक्षक (SI): पुलिस उप निरीक्षक या सब-इंस्पेक्टर (SI) के वर्दी पर दो स्टार का निशान होता है। इसके अलावा लाल और नील रंग की लाईन बनी होती है।

सहायक पुलिस उप निरीक्षक (ASI): सहायक पुलिस उप निरीक्षक या असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (ASI) के वर्दी पर एक स्टार का निशान होता है। इसके अलावा लाल और नील रंग की लाईन बनी होती है।

पुलिस हेड कांस्टेबल (HPC): पुलिस हेड कांस्टेबल (HPC) के वर्दी पर काले पट्टी के ऊपर पीले रंग की तीन लाईन बनी होती है। इसके अलावा उनके वर्दी पर लाल रंग की तीन धारियों वाला बिल्ला भी होता है।

वरिष्ठ पुलिस कांस्टेबल (SPC): वरिष्ठ पुलिस कांस्टेबल (SPC) के वर्दी पर काले पट्टी के ऊपर पीले रंग की दो लाईन बनी होती है। इसके अलावा उनके वर्दी पर लाल रंग की दो धारियों वाला बिल्ला भी होता है।

पुलिस कांस्टेबल (PC): इनके वर्दी पर कोई बैज नहीं रहता है।